# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)

CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

(An Autonomous Organisation Under the Ministry of Education, Govt. of India)


**कें.मा.शि.बो. /निदेशक (शैक्षणिक)/2025** **दिनांक: 03.09.2025**

**परिपत्र संख्या: Acad-63/2025**

के.मा.शि.बो. से संबद्ध विद्यालयों के प्रमुख

**विषय: केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड विज्ञान प्रदर्शनी 2025-26**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड विद्यार्थियों में जिज्ञासा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता एवं नवाचार को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न पहल करता रहा है। इसी क्रम में विज्ञान प्रदर्शनी एक महत्वपूर्ण पहल है, जो विद्यार्थियों को अपने वैज्ञानिक ज्ञान, विचारों और कौशल को प्रदर्शित करने का एक मंच प्रदान करती है।

शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए "केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड विज्ञान प्रदर्शनी", अक्टूबर 2025 से जनवरी 2026 के बीच क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाएगी।

**विज्ञान प्रदर्शनी 2025-26 के विषय और उप-विषय निम्न हैं:**

| विषय | उप-विषय |
|---|---|
| ***STEM for Viksit and Atmanirbhar Bharat*** | 1. Sustainable agriculture<br>2. Waste management and alternatives to plastics<br>3. Green energy<br>4. Emerging technologies<br>5. Recreational mathematical modelling<br>6. Health and hygiene<br>7. Water conservation and management |

विद्यालय अपने विद्यार्थियो को विज्ञान प्रदर्शनी 2025-26 में पंजीकृत कर सकते हैं।

**विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेने के दिशा-निर्देश:**

1. सभी इच्छुक विद्यालयों को भाग लेने हेतु ऑनलाइन पंजीकरण (https://www.cbse.gov.in/cbsenew/cbse.html ) कर शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा और प्रदर्श का विवरण 03 सितंबर से 26 सितंबर 2025 के बीच पर देना होगा। पंजीकरण और शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 26 सितंबर 2025 है।

2. सभी विद्यालयों के लिए पंजीकरण शुल्क 3000 रुपये है और इसे ऑनलाइन भुगतान गेटवे के माध्यम से जमा करना होगा।
3. विद्यार्थी निम्नलिखित 2 श्रेणियों में से किसी एक में भाग ले सकते हैं:
   श्रेणी I – कक्षा 6 से 8; और
   श्रेणी II – कक्षा 9 से 11

   पंजीकृत टीम का प्रतिनिधित्व निम्नानुसार होगा:
   क) एक ही श्रेणी के अधिकतम दो विद्यार्थी; और
   ख) एक संरक्षक (मेंटर) विज्ञान शिक्षक
4. एक विद्यालय से अधिकतम दो टीमें पंजीकृत की जा सकती है।
5. एक बार पंजीकृत होने के बाद विद्यार्थियों और संरक्षक शिक्षक के नाम प्रदर्शनी के किसी भी चरण में नहीं बदले जाएंगे। क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने वाली टीम वही रहेगी।
6. एक बार चुने गए उप-विषय को बदला नहीं जा सकता। इसी प्रकार, प्रदर्श का शीर्षक भी बदला नहीं जा सकता है।
7. प्रत्येक पंजीकृत टीम को प्रदर्श का विवरण ऑनलाइन देने के लिए विज्ञान प्रदर्शनी पोर्टल से एक विशिष्ट लॉगिन क्रेडेंशियल प्रदान किया जाएगा।
8. विद्यार्थी/टीम का प्रदर्श निम्नलिखित पर आधारित हो सकता है:
   - जांच-आधारित अध्ययन;
   - विज्ञान और प्रौद्योगिकी के मूल सिद्धांतों का अनुप्रयोग;
   - किसी समस्या/चुनौती का नया समाधान/स्वदेशी डिज़ाइन

   विज्ञान प्रदर्शनी से संबंधित अधिक संसाधनों के लिए विद्यार्थी और संरक्षक शिक्षक Science Exhibition microsite पर जा सकते हैं।
9. विद्यार्थी को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे प्रदर्श तैयार करने में पर्यावरण-अनुकूल सामग्री का ही उपयोग करें।
10. प्रदर्शों का मूल्यांकन विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा निम्नलिखित मानदंडों के अनुसार किया जाएगा:

| | | |
|---|---|---|
| क) | रचनात्मकता और कल्पना | 20% |
| ख) | मौलिकता और नवीनता | 15% |
| ग) | वैज्ञानिक सोच/सिद्धांत/दृष्टिकोण | 15% |
| घ) | तकनीकी कौशल, कारीगरी, शिल्प कौशल आदि | 15% |
| ङ) | शैक्षिक मूल्य, विस्तार क्षमता और भविष्य में समाज के लिए उपयोगिता | 15% |
| च) | अर्थशास्त्र (कम लागत), पोर्टेबिलिटी और टिकाऊपन | 10% |
| छ) | प्रस्तुति – प्रदर्शन की प्रभावशीलता और प्रासंगिक स्पष्टीकरण | 10% |

**विशेषज्ञ समिति का निर्णय ही अंतिम और मान्य होगा।**

11. क्षेत्रीय स्तर की प्रदर्शनी देशभर में विभिन्न स्थानों पर आयोजित की जाएगी। इससे संबंधित जानकारी केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की शैक्षणिक इकाई की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी और प्रत्येक विद्यालय को उनके पंजीकृत ईमेल आईडी पर सूचित किया जाएगा।
12. प्रतिभागी विद्यालय/टीम को प्रदर्शनी में भाग लेने से संबंधित सभी व्ययों का वहन स्वयं करना होगा।
13. भाग लेने वाले विद्यालय/टीमों को प्रदर्शनी स्थल (शहर) पर अपने रहने/भोजन की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
14. विदेश में स्थित विद्यालयों के लिए प्रदर्शनी में भाग लेने हेतु आवश्यक जानकारी:

    i. विदेशी विद्यालयों की टीमों के लिए क्षेत्रीय चरण ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया जाएगा।
    ii. क्षेत्रीय चरण में जितने वाली टीमों को राष्ट्रीय चरण में भाग लेने के लिए भारत में भौतिक रूप से उपस्थित होना अनिवार्य होगा, जिसका खर्च जैसे यात्रा, रहना और अन्य प्रतिभागी को स्वयं करना होगा।

15. प्रत्येक क्षेत्रीय स्तर पर चयनित सर्वश्रेष्ठ चौदह प्रदर्शों (प्रदर्शों की संख्या गुणवत्ता के आधार पर बढ़ या घट सकती है) को राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए योग्य माना जाएगा (तिथि और स्थान की जानकारी बाद में दी जाएगी)।
16. राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ के रूप में चयनित प्रविष्टियों को विधिवत मान्यता दी जाएगी और पुरस्कृत भी किया जायेगा।
17. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी के विजेताओं के नाम राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT) द्वारा आयोजित 'राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी, 2026' में प्रविष्टियों के रूप में विचारार्थ अग्रेषित किए जाएंगे। प्रदर्शनी में भागीदारी की पुष्टि उनके चयन पर निर्भर करेगी। विजेताओं को 'इनीशिएटिव फॉर रिसर्च एंड इनोवेशन इन स्टेम (IRIS)' द्वारा आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी (2025/26) में सीधे भाग लेने का अवसर भी मिल सकता है, जो उनके चयन पर निर्भर होगा।

अधिक जानकारी के लिए कृपया Science Exhibition microsite पर जाएं।

किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु आप दूरभाष संख्या 011-24050600 पर संपर्क कर सकते हैं अथवा science.fair@cbseshiksha.in पर ईमेल कर सकते हैं।

सभी विद्यालय प्रमुखों से अनुरोध है कि वे विद्यार्थियों को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड विज्ञान प्रदर्शनी 2025-26 में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें।

शुभकामना सहित।

**(डॉ. प्रज्ञा एम. सिँह)**
**निदेशक (शैक्षणिक)**

**प्रतिलिपि:- नीचे दर्शाए गए संबंधित निदेशालयों, संगठनों और संस्थानों के प्रमुखों को उनके अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सभी विद्यालयों में सूचना प्रसारित करने के अनुरोध सहित:**

1. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-16
2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, सेक्टर-62, इंस्टीट्यूशनल एरिया, नोएडा-201309
3. सचिव, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार।
4. सचिव, सैनिक विद्यालय सोसायटी, कमरा नंबर 101, डी-1 विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110001
5. अध्यक्ष, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन, एन-1/9, दूरदर्शन केंद्र के पास, पीओ सैनिक विद्यालय नयापल्ली, भुवनेश्वर, ओडिशा-751005
6. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054
7. सार्वजनिक निर्देश निदेशक (विद्यालय), केंद्र शासित प्रदेश सचिवालय, सेक्टर 9, चंडीगढ़ -160017
8. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम -737101
9. विद्यालय शिक्षा निदेशक, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर -791111
10. शिक्षा निदेशक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर – 744101
11. विद्यालय शिक्षा निदेशक, लद्दाख, कमरा नंबर 101-102, भूतल, परिषद सचिवालय, कुर्बाथांग, कारगिल – लद्दाख
12. विद्यालय शिक्षा निदेशक, आंध्र प्रदेश, तीसरी मंजिल, बी ब्लॉक, अंजनेय टावर्स, वीटीपीएस रोड, भीमाराजू गुट्टा, इब्राहिमपटनम, आंध्र प्रदेश – 521456
13. निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, पुराना एचईसी हाई स्कूल, जेएससीए स्टेडियम रोड, जगन्नाथपुर, सेक्टर-III, धुर्वा, रांची) 834004-झारखंड
14. नौसेना शिक्षा समाज, नौसेना शिक्षा निदेशालय, नौसेना मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय, वेस्ट ब्लाक-वी, आर.के.पुरम, नई दिल्ली-110066
15. सेना शिक्षा के अतिरिक्त महानिदेशक, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली-110001
16. सचिव, एडब्ल्यूईएस रक्षा मंत्रालय (सेना) का एकीकृत मुख्यालय, एफडीआरसी बिल्डिंग नंबर 202, शंकर विहार (एपीएस के पास), दिल्ली कैंट -110010
17. अध्यक्ष, केमाशिबो के उप सचिव
18. सचिव/परीक्षा नियंत्रक/सभी निदेशक, केमाशिबो
19. केमाशिबो के सभी क्षेत्रीय निदेशकों/क्षेत्रीय अधिकारियों को इस अनुरोध के साथ कि वे इस परिपत्र को अपने-अपने क्षेत्रों में बोर्ड के संबद्ध विद्यालयों के सभी प्रमुखों को भेजें।
20. सभी संयुक्त सचिव/उप सचिव/अवर सचिव/प्रधान निजीसचिव/ वरिष्ठ निजी सचिव/ सहायक सचिव, केमाशिबो
21. सभी प्रमुख/प्रभारी, उत्कृष्टता केंद्र, केमाशिबो
22. प्रभारी आईटी एकक को इस अनुरोध के साथ कि इस परिपत्र को केमाशिबो की शैक्षणिक वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाए
23. प्रभारी, पुस्तकालय
24. रिकॉर्ड फ़ाइल

**निदेशक**
**(शैक्षणिक)**